उन्नत राजस्थान उन्नत जालौर प्रदर्शनी

(6–8 मार्च, 2025 जालौर)

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई के पत्रांक 2932 दिनांक 20.02.2025 के निर्देश पर दिनांक 6 मार्च से 8 मार्च, 2025 तक तीन दिवसीय **"उन्नत राजस्थान उन्नत जालौर"** प्रदर्शनी का आयोजन जालौर शहर के दुर्गा राय पिटाला रिर्सोट में किया गया। इस प्रदर्शनी में राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड के साथ साथ अन्य केन्द्रीय व राज्य संस्थाओं जैसे ICMR, APEDA, GSI, SBI, DRDO, AVANI, NSL होम्योपैथी परिषद आदि कुल 65 संस्थाओं ने भाग लिया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ दिनांक 6 मार्च, 2025 को श्री लुम्बाराम चौधरी (लोकसभा सदस्य, जालौर, सिरोही) द्वारा किया गया। उनके साथ जिला कलेक्टर एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति साथ रहे। राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड की स्टाल पर श्री मनीष कुमार कुलदीप (प्रबंधक, राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर) श्री चमन जारवाल एवं श्री आर. आदित्यन, एन.बी.ए. इंटर्न द्वारा सांसद महोदय एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की स्वागत किया गया एवं सभी को बोर्ड के प्रमुख कार्यो से अवगत कराया गया साथ जालौर सिरोही में पाये जाने वाली जैव विविधता के बारे में जानकारी एवं महत्व के बारे में बताकर उनके संरक्षण हेतु प्रयास साझा किया। माननीय सांसद एवं अन्यों के द्वारा किये गये प्रश्नों में उत्तर सहजता से देकर जैव विविधता बोर्ड के बारे में बताया।

दूसरे चरण में जिले की विभिन्न विद्यालयों से आये विद्यार्थियों को जैव विविधता एवं राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर के बारे में बताया गया तथा प्रश्नोत्तरी कर जैव विविधता के संरक्षण के महत्व को विधार्थियों तक पहुँचाया।

प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस 07 मार्च, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से ही विद्यालय के विद्यार्थियों का आगमन शुरू हो गया। बोर्ड की स्टॉल पर लगे विभिन्न प्राणियों एवं वनस्पतियों के चित्रों ने सभी को आकर्षित किया। विद्यार्थियों के साथ उनके शिक्षकों में भी इनके बारे में जानने की उत्सुकता बनी रही। साथ ही प्रश्नोत्तरी में भी विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। दूसरी तरफ प्रदर्शनी देखने आये अन्य लोगों को भी राजस्थान जैव विविधता बोर्ड, जैव विविधता प्रबंधन समिति के कार्यो के बारे में जानकारी देकर क्षेत्र में पाई जाने वाली जैव विविधता के महत्व के बारे में बताकर जागरूक किया गया।

अंतिम दिवस दिनांक 08 मार्च, 2025 को प्रदर्शनी में सम्मिलित होने आये विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी जैव विविधता एवं जैव विविधता प्राधिकरण एवं बोर्ड के कार्यो से अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी में भाग लिया, जिन्हें बोर्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं साथ ही उन्होनें जैव विविधता के संरक्षण हेतु प्रतिज्ञा की।

CERTIFICATE OF PARTICIPATION
IS PRESENTED TO

Rajasthan State Biodiversity Board & National Biodiversity Authority.

FOR PARTICIPATION IN THE MEGA EXHIBITION UNNAT RAJASTHAN-UNNAT JALORE 2025 ORGANIZED BY PRAYASS EVENTS AND EXHIBITIONS IN JALORE, RAJASTHAN ON 6TH, 7TH & 8TH MARCH 2025.

6TH,7TH & 8TH MARCH 2025
DATE

PRAYASS EVENTS & EXHIBITIONS

SIGNATURE

दोपहर 2:00 बजे बाद माननीय सांसद महोदय एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदर्शनी का समापन हुआ, जिसमें श्री लुम्बाराम चौधरी ने प्रदर्शनी में भाग लेने वालो को स्मृति चिन्ह भेंट की।

इस तीन दिवसीय प्रर्दशनी में लगभग 2,500 से अधिक विद्यार्थियों एवं 1,000 से अधिक आमजन ने राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड की स्टॉल पर आकर जैव विविधता के बारे में जानकारी प्राप्त की